Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है


R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष ३० अंक- २१-२२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-३० नवम्बर २०२० (संयुक्तांक) पृष्ठ १२ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोंगेवाला जैसलमर में जवानों को संबोधित करते हुए

## भारत विस्तारवादी ताकतों के खिलाफ सशक्त आवाज के तौर पर उभरा-प्रधानमंत्री

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जवानों के साथ दिवाली मनाने की अपनी परंपरा को निभाते हुए भारत की अग्रिम सीमा पोस्ट लोंगेवाला में जवानों के साथ दिवाली मनाई, उनसे बातचीत की और उन्हें संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी दिवाली तभी पूर्ण होती है। जब वह जवानों के साथ होते हैं, चाहे वह बर्फ से ढके पहाड़ हों या रेगिस्तान। उन्होंने सीमा पर तैनात सशस्त्र सैन्य बलों को देश के हर एक नागरिक की तरफ से शुभकामनाएं दी। देशवासियों की तरफ से सशस्त्र बलों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके साथ १३० करोड़ भारतीय पूरी दृढ़ता के साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि आज भले ही अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझेदारी में बड़ा बदलाव आया है लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए की सुरक्षा की कुंजी सतर्कता है। आत्मनिर्भर भारत और वोकाल फॉर लोकल का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सैन्य बलों ने यह फैसला लिया है कि १०० से अधिक प्रकार के हथियार और सैन्य गतिविधियों में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों का अब आयात नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोकल फॉर वोकल विचार की अगुवाई करने के लिए सैन्य बलों की सराहना की।

## भारत पूरे विश्व में कारोबार के लिए एक भरोसेमंद सहयोगी-पीयूष गोयल

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग, रेलवे और खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में निवेश के लिए विदेश निवेशकों को आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा है कि निवेशकों को भारत के बड़े बाजार और बिजनेस के लिए बेहतर माहौल का फायदा उठाना चाहिए। बैंक ऑफ अमेरिका द्वारा आयोजित सेमिनार "इंडिया'' ड्राइवर्स ऑफ चेंज" के दौरान दिए गए अपने संबोधन में कहा कि भारत निवेश के लिए बेहतर मौके दे रहा है। ऐसे में निवेशकों को आगे आना चाहिए।



गोयल ने कहा कि भारत पूरे विश्व में कारोबार के लिए एक भरोसेमंद सहयोगी है। भारत में एक पारदर्शी व्यवस्था और खुला लोकतंत्र है। भारत की लगातार कोशिश है कि वह दुनिया में एक उचित स्थान हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एक टीम की तरह काम करती है और लगातार सरकारी विभागों की जड़ता को तोड़ रही है। गोयल ने कहा कि भारत में बिजनेस की अपार संभावनाएं हैं। सरकार के तरफ से बड़े और सुधारवादी फैसले लिए गए हैं।

जिसके तहत कई ऐसे क्षेत्रों में भी बिजनेस के अवसर खुले हैं, जहां पहले संभावनाएं बेहद कम थी। पीयूष गोयल ने कहा कि कोविड के झटके से अब भारतीय अर्थव्यवस्था उबर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के नेतृत्व में सरकार ने रक्षा, कृषि, कोयला, खनन, अंतरिक्ष तकनीकी में उदारीकरण की दिशा में कदम उठाया है। इसकी वजह से इन क्षेत्रों में निजी निवेश बढ़ेगा।

## बदरीनाथ और हरिद्वार में बनेगा श्रद्धालुओं के लिए अतिथिगृहः योगी आदित्यनाथ



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हरिद्वार और बदरीनाथ में यूपी के श्रद्धालुओं के लिए अतिथिगृह का निर्माण कराया जाएगा। योगी आदित्यनाथ ने केदारनाथ यात्रा के दौरान भगवान के दर्शन किए और दोनों सरकारों के बीच बरसों पुराना विवाद भी खत्म कर दिया। उन्होंने कहा यूपी से दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जल्दी एक पर्यटक आवास गृह बनवाया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड सरकार से बात भी की गई है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड सरकार केदारनाथ धाम का सुनियोजित विकास करा रही है। पौराणिक महत्व के इस आस्था केंद्र के विकास के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का हरिद्वार में बना अलखनंदा अतिथिगृह उत्तराखंड सरकार को सौंप दिया जाएगा। इसे लेकर दोनों सरकारों के बीच बरसों से विवाद चल रहा था।


## स्वास्थ्य सुविधाओं में एचएमआईएस कार्यान्वयन का कार्य करेगा रेलटेल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने अस्पताल प्रबंधन को एक एकल आर्किटेक्चर पर लाने के उद्देश्य से और संचालन को सहज बनाने के लिए अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली के कार्यन्वयन का कार्य रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (रेलटेल) को सौंपा है, यह प्रणाली अस्पताल प्रशासन और रोगी स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए भारत भर में सभी १२५ स्वास्थ्य सुविधाओं और ६५० पॉलीक्लिनिक्स के लिए एक एकीकृत क्लिनिकी सूचना प्रणाली उपलब्ध कराएगी। रेलवे बोर्ड क अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने कहा हम सभी क्षेत्रों में डिजिटलीकरण कर रहे हैं और लगातार बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। कार्य के आवंटन के अवसर पर बोलते हुए, रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पुनीत चावला ने कहा कि दक्षिण मध्य रेलवे में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली का कार्यान्वयन प्रूफ ऑफ कंसेप्ट के रुप में पहले ही स्थापित किया जा चुका है और इसका चरणबद्ध तरीके से अखिल भारतीय स्तर पर डिप्लॉयमेंट किया जा रहा है। बतादें कि रेलटेल, आईसीटीएस सेवाओं और साल्युशन्स जैसे एमपीएलएसवीपीएन, लीज्ड लाइन सर्विसेज, HD वीडियो सम्मेलन, ई-ऑफिस और डेटा सेंटर सर्विसेज, बड़े नेटवर्क का हार्डवेयर सिस्टम इंटीग्रेशन,सॉफ्टवेयर और डिजिटल सेवाओं का विविध पोर्टफोलियो उपलब्ध कराता है।

# उपराष्ट्रपति ने जल संरक्षण के लिए जन आंदोलन का किया आह्वान

पत्र.सू.का/नई दिल्ली। उपरा ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने जल संरक्षण पर एक जन आंदोलन का आह्वान किया और इसे सफल बनाने के लिए लोगों की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विशाल देश है और लोगों की भागीदारी के बिना कुछ भी सफल नहीं होगा। नायडू ने कहा हमारे पास माननीय प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई कई अभिनव पहल हैं। सभी लोगों की सक्रिय भागीदारी और विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के साथ वे सब के सब आगे बढ़ रहे हैं। नायडू ने जिला प्रशासन और पंचायतों द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना करते हुए कहा कि इसने प्राकृतिक संसाधनों के बचाव और संरक्षण के प्रति स्थानीय अधिकारियों की बढ़ती संवेदनशीलता को दिखाया है।



उन्होंने कहा, मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि विकेंद्रीकृत योजना प्राकृतिक संसाधनों के नियोजन, निष्पादन और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उप-राष्ट्रपति ने हर नए भवन के लिए वर्षा जल संचयन को अनिवार्य बनाने के लिए नगरपालिका अधिकारियों और अन्य स्थानीय निकायों को भी सुझाव दिया। उन्होंने चेताते हुए कहा कि जब तक पानी की बर्बादी कम नहीं होती है और जल संरक्षण युद्ध स्तर पर नहीं होता है तो भविष्य में पीने योग्य पानी के संकट पैदा होने का खतरा है। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, जल राज्यमंत्री रतन लाल कटारिया, सचिव यू. पी. सिंह, पर्यावरण-विद् डॉ. अनिल जोशी, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक राजीव रंजन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया आईआईटी दिल्ली के ५१वें दीक्षांत समारोह को संबोधित

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। आईआईटी दिल्ली के ५१वें वार्षिक दीक्षांत समारोह पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और शिक्षा राज्य मंत्री संजय धोत्रे भी उपस्थित थे। सचिव, उच्च शिक्षा, अमित खरे, आईआईटी दिल्ली के निदेशक रामगोपाल राव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। २००० से अधिक आईआईटी छात्रों को उनके दीक्षांत समारोह पर बधाई देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि



आत्मनिर्भर अभियान एक मिशन है जो देश के युवाओं, टेक्नोक्रेट्स और तकनीकी उद्यम के प्रमुखों को अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आज टेक्नोक्रेट्स के विचारों और नवाचारों को स्वतंत्र रूप से लागू करने और उन्हें आसानी से बाजार में लाने के लिए अनुकूल वातावरण बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने युवाओं को कारोबार करने में आसानी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे अपने नवाचार के माध्यम से देश के करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव ला सकें। मोदी ने कहा कि देश आपको व्यापार करने में आसानी प्रदान करेगा और आप इस देश के लोगों के जीवनयापन में आसानी लाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में लगभग हर क्षेत्र में किए गए व्यापक सुधारों के पीछे भी यही विचार प्रक्रिया है। उन्होंने उन क्षेत्रों को भी सूचीबद्ध किया जहां सुधारों के कारण पहली बार नवाचार और नए स्टार्टअप के लिए अवसर बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्य सेवा प्रदाता (ओएसपी) दिशा-निर्देशों को सरल बनाया गया है और हाल ही में हटाए गए प्रतिबंधों से बीपीओ इंडस्ट्रीज के अनुपालन के बोझ को कम किया जा सकेगा।

# राज्य की कानून व्यवस्था में पीएसी की अहम भूमिका-योगी आदित्यनाथ

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। पीएसी के ५०४२ जवानों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार दिनांकः १३.११.२०२० को हेड कांस्टेबल के पद प्रोन्नति के पत्र जारी किए। इस मौके पर उन्होने कहा कि पीएसी को एक सशक्त व अनुशासित बल है और राज्य की कानून व्यवस्था में पीएसी की एक अहम भूमिका है जिसे जवान बखूबी निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जवानों को दीपावली की भी शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में भी इनके आगे बढ़ने के अवसर मिलते रहेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक एसजी अवस्थी, अध्यक्ष पुलिस भर्ती बोर्ड की सराहना की।

# सर्दियों के दौरान सहज और सुविधायुक्त यात्रा के लिए उत्तर मध्य रेलवे कर रही विशेष प्रयास

रे.स.ब्यू./प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे त्यौहारों और सर्दियों के वर्तमान मौसम में यात्रियों हेतु सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। विभिन्न गंतव्यों हेतु रेल गाड़ियों और कन्फर्म सीट उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, ७३ जोड़ी त्योहार विशेष गाड़ियों सहित कुल २२७ जोड़ी स्पेशल ट्रेनें उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों को सेवित कर रही हैं। रेलगाड़ियों की समयपालनता के साथ ही रेल द्वारा कई अन्य सुरक्षा और यात्री सुविधा के उपाय भी किए गए हैं। उत्तर मध्य रेलवेके तीनों मंडल विभाग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सभी यात्री आरक्षण केंद्रों में आरक्षण काउंटरों के बाहर खिड़कियों के पास वाणिज्यिक कर्मचारी तैनात किए जाएं। मंडलों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है कि, जहां भी आवश्यक हो वहां अतिरिक्त आरक्षण काउंटर संचालित किए जाएं और उचित ड्यूटी रोस्टर और पर्याप्त आरक्षण पर्ची की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए, पर्याप्त संख्या में व्हील चेयरों की कार्यशील स्थिति में उपलब्धता और "दिव्यांगजन" के लिए अन्य निर्दिष्ट सुविधाओं पर भी मॉनिटरिंग की जा रही है। आरक्षण कार्यालयों में पर्याप्त संख्या में वाणिज्यिक/सतर्कता निरीक्षकों और आरपीएफ कर्मचारियों को तैनात करके दलालों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विशेष ट्रेनों के संचालन और विभिन्न ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की जानकारी के संबंध में बार-बार उदघोषणाएँ भी की जा रही हैं ताकि ट्रेनों की पूरी ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित हो सके और नियमित ट्रेनों पर दबाव कम हो सके।

स्टेशनों पर उचित सफाई व्यवस्था के साथ पर्याप्त पेयजल सुविधा, वेटिंग हॉल/कमरों के उचित रखरखाव हेतु पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती इसके अलावा उपयुक्त साइनेज आदि भी सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

# नन्द किशोर ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार किया ग्रहण



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। नन्द किशोर ने उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का पदभार दिनांक १२.११.२०२० को ग्रहण किया। इससे पहले वह उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर में मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन के रूप में कार्यरत थे। नन्द किशोर आई.आर. पी.एस. १९८७ बैच के अधिकारी हैं। नन्द किशोर उत्तर मध्य रेलवे में आने के पहले पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर में मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन एवं पश्चिम रेलवे के रतलाम, अजमेर, कोटा, बड़ोदरा एवं जयपुर मंडलों में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी के रूप में भी कार्यरत रहे है।

# रेलवे ने शुरू की माघ मेला -२०२१ की तैयारियां

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और आगरा, झांसी एवं प्रयागराज के मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ साप्ताहिक बैठक के दौरान, महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज और मुख्यालय के अधिकारियों को माघ मेला २०२१ के लिए विस्तत तैयारी शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने आगे निर्देशित किया कि आगामी माघ मेला के दौरान तीर्थयात्रियों की सुरक्षित और कुशल हैंडलिंग से संबंधित तैयारियों के संबंध में आगामी एक सप्ताह के अंदर विशेष बैठक का आयोजन किया जाना चाहिए। इस वर्ष उत्तर मध्य रेलवे की तैयारियों में कोविड -१९ दिशानिर्देशों के अनुरूप यात्रियों की सुरक्षित हैंडलिंग की जानी होगी।

# हनुमान जयंती पर हुई कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए प्रार्थना

रे.स.ब्यूरो। हनुमान जयंती पर शुक्रवार दिनांक १३.११.२०२० को शहर के हनुमान मंदिरों को रंग-बिरंगे फूलों, हरी पत्तियों से भव्य सजाया गया। मंदिरों में झांकी दर्शन का दौर चला। आरती उतार कर हनुमान जी से कोरोना से मुक्ति के लिए प्रार्थना भी की गई। रामभक्त हनुमान की प्रतिमाओं की मोहक झांकियां सजाई गई। कहीं छप्पन भोग अर्पित किया गया तो कहीं सामाजिक दूरी का पालन करते हुए संगीतमय प्रस्तुतियां की गई

**सम्पादकीय**

## कोरोनाः नियंत्रण और लापरवाही

कोरोना वायरस पर नियंत्रण अभी पूरी तरह नहीं लगा है पर लोगों मे लापरवाही जरूर दिख रही है। केंद्र और राज्य सरकार हर संभव प्रयास में जुटी है कि इसके प्रसार को कम किया जाय परंतु यह तभी संभव हो पायेगा जब आम लोग भी जागरूक होंगे।

यह ठीक है कि टेस्टिंग लगातार बढ़ रही है किन्तु चिंताजनक यह है कि संक्रमण फैलते जाने के बावजूद तमाम लोग मास्क लगाने और शारीरिक दूरी के नियम का पालन करने में आनाकानी कर रहे हैं। सार्वजनिक स्थलों पर न जाने कितने ऐसे लोग दिखते हैं, जो न तो मास्क लगाए होते हैं और न ही शारीरिक दूरी बनाए रखने की परवाह करते हैं।

आखिर मास्क का सही से इस्तेमाल और शारीरिक दूरी के नियम का पालन करने के साथ साफ-सफाई और सेहत का ध्यान रखना हर किसी की प्राथमिकता क्यों नहीं बन सकता।

यह एक किस्म की आपराधिक लापरवाही है। अच्छा हो कि सभी राज्यों के बीच ज्यादा से ज्यादा टेस्टिंग करने की होड़ कायम हो। आखिर इससे खराब बात और क्या हो सकती है कि लोग इस तथ्य से परिचित होने के बाद भी सतर्कता का परिचय नहीं दे रहे हैं कि इस महामारी का कोई सीधा इलाज नहीं और इसका कोई भरोसा नहीं कि कारगर वैक्सीन कब आएगी। ऐसा करना केवल नागरिक कर्तव्य ही नहीं, राष्ट्रीय दायित्व भी है। इसकी पूर्ति होने लगे तो कोरोना वायरस के संक्रमण की रफ्तार को जल्द ही काबू में करके जन-जीवन को पटरी पर लाया जा सकता है।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

## रेलवे चिकित्सालय में ऑनलाइन OPD अपॉइंटमेंट की सुविधा

साभारः रेलवे द्वारा अपने कर्मचारियों के चिकित्सीय सुविधा को विस्तारित करने के उद्देश्य से दिनांकः २५.०८.२० से झांसी मंडल रेल चिकित्सालय में चिकित्सीय परामर्श हेतु घर बैठे ऑनलाइन OPD की सुविधा मोबाइल एप एवं वेबसाइट के माध्यम से प्रदान किये जाने की शुरुवात की गयी है। यह सुविधा मंडल चिकित्सालय में परामर्श हेतु रेल कर्मचारी, सेवा निवत कर्मचारी और उनके आश्रितों के लिए उपलब्ध है। इस सुविधा से कर्मचारी अपने मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से JHANSI HMS APP डाउनलोड करके अथवा वेब एड्रेस jhs.railapp.in पर सर्च करके चिकित्सक से परामर्श हेतु नियत तिथि के लिए ऑनलाइन रजिस्टर कर सकते हैं।

इस एप की सहायता से एक हफ्ते अग्रिम का अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है। सभी प्रविष्टियां भरने के उपरान्त मोबाइल पर SMS के माध्यम से परामर्श का समय दिया जायेगा, नियत तिथि पर आकर सम्बंधित चिकित्सक से परामर्श लिया जा सकता है।वर्तमान में इस सुविधा का लाभ ७० से ७५ प्रतीशत मरीजों द्वारा लिया जा रहा है। कोरोना काल में यह सुविधा संक्रमण से बचाव हेतु अत्यंत लाभकारी है। इसके माध्यम से चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ पर नियंत्रण किया जा रहा है तथा सामाजिक दूरी का पालन कराना आसान हो गया है।

यह सुविधा पूर्णता निशुल्क है। इस सुविधा से मात्र एक मिनट के अन्दर अपॉइंटमेंट लिया जा सकता है।

## हर जिले मे होगा कोरोना वैक्सीन स्टोर




रे.स.ब्यू./सूत्र। शासन ने कोरोना वैक्सीन रखने के लिए स्टोर की तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि कोरोना की वैक्सीन कब तक आएगी, अभी यह निश्चित नहीं है पर दिसंबर तक इसके लिए हर जिले में एक स्टोर बनाने को कहा गया है। जिसके लिए प्रयागराज समेत कई जिलों में स्टोर के लिए स्थान चिह्नित कर लिया गया है। सीएमओ कार्यालय के समीप किसी सुरक्षित स्थान पर स्टोर बनाने की कवायद चल रही है। ताकि आसानी से वैक्सीन लोगों तक पहुंचाई जा सके। वैक्सीन के रख-रखाव और लगाने की जिम्मेदारी स्वास्थ्यकर्मियों की होगी इसलिए पहले इन्हें वैक्सीन लगाई जाएगी। जिसके लिए डॉक्टर से लेकर पैरा मेडिकल स्टाफ तक सूची तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। प्रयागराज जिले में तेज-बहादुर सप्रू चिकित्सालय के मीटिंग हॉल में कोरोना वैक्सीन स्टोर बनाया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अमित श्रीवास्तव के अनुसार वैक्सीन स्टोर के रख-रखाव के लिए शासन की तरफ से ११.२० लाख रुपये स्वीकत हो चुके हैं।

## "सतर्क भारत-समृद्ध भारत" के विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह (२७ अक्टूबर से ०२ नवंबर) के अवसर पर दिनांक ०२ नवम्बर, २०२० को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय में "सतर्क भारत समृद्ध भारत" के विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें एस. के. सडंगी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । विशिष्ट अतिथि के रूप में गौतम बनर्जी, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे उपस्थित थे। इस वेबिनार में लगभग १५० प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर वरि.मंडल कार्मिक अधिकारी, रायपुर प्रदीप कुमार मिश्रा ने "ई-गवर्नेस एवं आईटी के उपयोग में प्रौद्योगिकी के लाभ" के विषय पर एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गौतम बनर्जी, द्वारा सतर्कता बुलेटिन - २०२० का भी विमोचन किया गया।

## रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों को बच्चों की तस्करी की रोकथाम हेतु दिया गया ऑनलाइन प्रशिक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। मानव-तस्करी की रोकथाम के लिए रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार, रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा मुख्यालय स्तर पर तथा मण्डल स्तर पर टास्क-टीम बनाकर सभी महत्वपूर्ण ट्रेनों की निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक ०८.११.२०२० रविवार को गाड़ी संख्या ०२२५१ वैनगंगा एक्सप्रेस को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोरबा के ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी के सदस्यों प्रधान आरक्षक संजीव राय और आरक्षक डी.पी. रत्नायके ने एस्कोर्टिंग के दौरान उक्त गाड़ी में एक किन्नर को पकड़ा जो लगभग एक साल के बच्चे को ओड़ीसा के ब्रजराजनगर से अपहरण कर कोरबा ले जा रही थी। जिसके बाद बच्चे को किन्नर से छुड़ाकर चाईल्ड लाईन कोरबा को आरपीएफ के द्वारा सौंपा गया और किन्नर को जीआरपी बिलासपुर को अग्रिम कानूनी कार्यवाही करने हेतु सौंपा गया। रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों प्रधान आरक्षक संजीव राय और आरक्षक डी.पी. रत्नायके को किन्नर से बच्चों को छुड़ाने के लिए चाईल्ड वेलफेयर कमिटी कोरबा की अध्यक्ष मधु पांडे के द्वारा दोनों बल सदस्यों को अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## टिकट निरीक्षक द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। हासिम खान मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा दिनांकः ०८.११.२० को गाड़ी संख्या ०२७२३ डाउन तेलंगाना स्पेशल एक्सप्रेस में इमानदारी व कर्तव्य परायणता का उदाहरण पेश किया गया। गाडी सं ०२७२३ में कार्यरत खान द्वारा स्लीपर श्रेणी कोच एस-३ में कार्यरत थे। बर्थ नंबर १७ और २० पर २ महिला यात्री हैदराबाद से झांसी के मध्य यात्र कर रही थी। झाँसी स्टेशन पर यात्रा पूर्ण होने पर दोनों में से एक महिला यात्री का लेडीजपर्स सीट पर छूट गया। हासिम खान द्वारा उक्त पर्स को अपनी कस्टडी में लिया गया, जिसमें ५७०० नगद, दो ATM कार्ड, आधार कार्ड एवं एक सोने का आभूषण सहित अन्य सामान पाया गया। हासिन द्वारा उक्त सम्मान सहित वह पर्स ग्वालियर स्टेशन पर उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) के सुपुद किया गया। जिन्होंने यात्री का पता लगा कर उनको सम्बंधित सूचना प्रदान की।

## नए यमुना पुल पर सेल्फी लेने पर होगी अब कार्रवाई

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। हादसों को देखते हुए अब नया यमुना पुल पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है और पुल की दोनों लेन के साथ ही फुटपाथ को भी नो सेल्फी जोन घोषित कर दिया गया है। जिसके उल्लंघन पर कई लोगों के वाहनों का चालान भी किया गया। इसके साथ ही जगह-जगह नो स्टॉप जोन का भी बोर्ड लगा दिया गया है। पुल पर शाम होते ही भीड़ कई गुना ज्यादा हो जाती है। बतादें कि नए यमुना पुल पर दिन भर मौज मस्ती करने वालों का जमावड़ा रहता है। यहां आने वाले अपने वाहन पुल पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे आने जाने वालों को भी परेशानी होती है। यही नहीं, हादसे का भी खतरा बना रहता है। इसी को देखते हुए पुलिस की ओर से नए पुल को नो सेल्फी जोन घोषित कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यक्रम का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। केंद्रीय कार्यालयों, निगमों, उपक्रमों एवं बैंकों में कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नराकास के उपाध्यक्ष एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी के मार्गदर्शन में हिंदी वाक् तथा हिंदी काव्य एवं कहानी पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सतर्क भारत -समृद्ध भारत, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव एवं इसके निवारण के उपाय,कोरोना काल में जीवन शैली में बदलावए जल है तो कल है आदि विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जी.जास, द्वितीय स्थान आंकाक्षा खलको, तृतीय स्थान श्याम सुंदर को प्राप्त हुआ।

इस प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में साकेत रंजन, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं कुमार निशांत, उप मुख्य सुरक्षा आयुक्त उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता मे वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी संतोष कुमार सहित काफी संख्या में श्रोता जुड़े।

## उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने दिलाई रेलकर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इस वर्ष सतर्क भारत, समृद्ध भारत के मुख्य संदेश के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनांक २७ अक्टूबर २०२० से २ नवंबर २०२० तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में महाप्रबंधक राजीव चौधरी द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाने के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ हुआ। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक और मुख्य सतर्कता अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे नवीन कुमार सिन्हा, सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, सभी मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक और उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर रेलवे के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उत्तर मध्य रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आगरा, प्रयागराज, झांसी मण्डलों और अन्य इकाइयों में भी इसी तरह के समारोह आयोजित किए गए।

## कोविड-१६ के समय उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सी.बी.सी. का शुभारम्भ



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। कोविड-१६ के संक्रमण काल में सोशल डिस्टेन्सिंग का अनुपालन करते हुये जाड़े एवं कोहरे के मौसम में संरक्षित ट्रेनसंचालन एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसमें लोको पायलट की सतर्कता एवं ट्रेन संचालन हेतु उत्कृष्ट ज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनुपम सिंहल, मुख्य बिजली लोको इंजीनियर की विवेकशील परिकल्पना और उसके क्रियान्वन के फलस्वरूप एक उन्नत कम्पूटर आधारित काउन्सिलिंग प्रणाली को विकसित करा गया है।

इस काउन्सिलिंग में लोको निरीक्षकों द्वारा लोको पायलटों का कम्प्यूटर की सहायता से कोहरे में संरक्षित ट्रेन संचालन का ज्ञान, जैसे म,डिफाईड अ,टोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम, सिगनल कट-आउट करना, गति का पालन, दिन एवं रात के समय नियमानुसार ट्रेन की गति का नियंत्रण आदि, को परख कर उसे और उन्नत किया जायेगा। काउन्सिलिंग का रिकार्ड भी कम्प्यूटर में रखा जायेगा। बतादें कि भारतीय रेल में पह्ली बार उत्तर मध्य रेलवे द्वारा इस प्रणली का शुभारम्भ सतीश कोठारी प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर/उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किया गया।

## महाप्रबंधक गौतम बनर्जी ने किया वातानुकूलित जिम का शुभारंभ



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सेक्रसा स्टेडियम में महाप्रबंधक गौतम बनर्जी द्वारा पूर्णतः वातानुकूलित जिम का शुभारम्भ किया गया। इस जिम का मुख्य उद्देश्य शारीरिक फिटनेस के साथ ही मानसिक शक्ति को और उन्नत करना है। जिम के शुभारंभ के साथ ही महाप्रबंधक ने तीरंदाजी के खिलाड़ियों की सुविधा एवम् उनके अभ्यास हेतु आर्चरी के नए साजो सामान उपलब्ध कराया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में अंतररा''ट्रीय ख्याति प्राप्त खिलाड़ी मौजूद हैं, जिन्होंने देश के साथ साथ रेलवे का नाम रौशन किया है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याणकारी की अध्यक्ष एवम् सदस्य, स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य एवम् खिलाड़ी, अपर महप्रबंधक, बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## संगम की रेती पर माघ मेला बसाने की तैयारी शुरू

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। इस वित्तीय वर्ष के मदों में माघ मेला के तहत ५० करोड़ रुपये के सापेक्ष शासन ने ३१.७० करोड़, ५६ हजार रुपये व्यय करने की अनुमति प्रदान की है। जिसके साथ ही संगम की रेती पर संतों-भक्तों के समागम के रूप में माघ मेला-२०२१ बसाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पिछले मेले में भुगतान न होने की वजह से ठेकेदारों ने इस बार सड़क, पुल व बिजली कार्यों के टेंडर के बहिष्कार की धमकी दी थी। इसके तहत माघ मेला-२०१६-२० के आयोजन में कार्यदायी विभागों की बकाया देनदारियों के भुगतान के लिए १० करोड़ रुपये अवशेष धनराशि के भुगतान की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं कोविड काल में सामाजिक दूरी का पालन कराने के लिए इस बार मेला सेक्टर भी बढ़ाए जाएंगे। संतों और कल्पवासियों के शिविरों को दूर-दूर बसाया जाएगा।

## रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक रेल मंत्री पदक से हुए सम्मानित

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे, नैनी रेल सुरक्षा बल पोस्ट के शिव कुमार सिंह आईपीएफ को सर्वश्रेष्ठ जांच के लिए प्रतिष्ठित रेल मंत्री पदक से सम्मानित किया गया। प्रत्येक वर्ष विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेल सुरक्षा बल कर्मियों को रेलमंत्री के स्तर पर बहादुरी पदक, सर्वश्रेष्ठ जांच पदक, जीवन रक्षक पदक और महिला और बाल सुरक्षा पदक से सम्मानित किया जाता है।

शिव कुमार सिंह द्वारा उनके कार्य के दौरान कर्तव्य के प्रतिनिष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के लिए रेलवे बोर्ड ने ८ अक्टूबर २०२० को पत्र के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ जांच श्रेणी के लिए उनके नाम की घोषणा की। रेलमंत्री के पदक के अतिरिक्त,सिंह को ५०००० रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया गया। महाप्रबंधक राजीव चौधरी, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उत्तर मध्य रेलवे रवींद्र वर्मा और उत्तर मध्य रेलवे के अन्य अधिकारियों ने शिव कुमार सिंह को इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के लिए बधाई दी। बतादें कि रेल सुरक्षा बल उत्तर मध्य रेलवे कोविड -१६ के विरुद्ध लड़ाई में हर क्षेत्र में अग्रणी योगदान दे रहा है। लॉकडाउन में स्टेशनों और रेकों की सुरक्षा से लेकर जरूरतमंदों तक भोजन और श्रमिक विशेष की कुशल संचालन के साथ साथ उत्तर मध्य रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल ने चालू वित्त वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

उत्तर मध्य रेलवे के अथक प्रयासों से रेल सुरक्षा बल न केवल अपने निर्धारित कर्तव्य का निर्वहन कर रही है, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुये रेल सुरक्षा बल के मिशन यशो लभस्व को भी चरितार्थ कर रही है।

## देश में धूमधाम के साथ मनाई गई पाबंदियों के बीच दिवाली



प्रयागराज। कोविड-१६ पाबंदियों और विभिन्न राज्यों में पटाखे फोड़ने पर प्रतिबंध के बीच देश में शनिवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई दिवाली। पूजा-अर्चना की और मिठाइयों का आदान-प्रदान भी इस दौरान लोगों ने किया। अधिकतर लोगों ने कोविड-१६ के चलते संदेशों के जरिये ही एक दूसरे को दीपावली की बधाई दी। इसके अलावा लोग सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए मंदिर भी गए। उत्तर प्रदेश में दीपावली कोविड-१६ के कड़े प्रोटोकॉल के बीच हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। दीपावली पर लोगों ने शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा की और दीए जलाए तथा अन्य तरीकों से रोशनी की। इमारतें झालरों की रोशनी से जगमगाती नजर आई। वहीं राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश-वासियों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## कोविड-१६ के बाद विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत वैश्विक लीडर बनकर उभरेगा: डॉ. जितेंद्र सिंह




पत्र.सू.का/नई दिल्ली। केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डोनर) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने "कोविड के बाद पूंजीगत बाजार के माध्यम से आर्थिक पुनरुद्धार" विषय पर दिनांकः ०३.११.२०२० को वेबिनार का उद्घाटन किया।

इस वेबिनार का आयोजन भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएस- आई-एनआईआरसी) द्वारा किया गया है। वेबिनार में डॉ. जितेंद्र सिंह न कहा कि उत्तर-पूर्व का क्षेत्र कोविड १६ के बाद भारत में व्यापार के लिए सबसे ज्यादा पसंदीदा जगहों में से एक बनेगा। मंत्री ने कहा कि कोविड-१६ के बाद उत्तर-पूर्व का क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में अहम भूमिका निभाएगा और इसका विकास अर्थव्यवस्था के 'नए इंजन के रूप में काम करेगा। आईसीएसआई के अध्यक्ष सीएस आशीष गर्ग, आईसीएसआई के चेयरमैन सुरेश पांडे और अन्य प्रमुख वक्ताओं ने वेबिनार को संबोधित किया।

## छोटे स्टेशनों पर भी लगेंगे सीसी कैमरे

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। पूवोत्तर रेलवे में परिचालन विभाग के कंट्रोल रूम में बृहस्पतिवार दिनांकः १२.११.२०२० को वीडियो सर्विलांस सिस्टम की शुरुआत महाप्रबंधक विनय कुमार त्रिपाठी ने वीएसएस का उद्घाटन कर किया। इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि वीएसएस के तहत रेलवे स्टेशनों पर लगने वाले सीसी कैमरे मंडल और मुख्यालय से सीधे जुड़ जाएंगे जिससे अपराधों के अलावा जहरखुरानी पर भी अंकुश लगेगा। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## निजी अस्पताल का चुनाव नहीं कर सकेंगे रेलकर्मी

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। मनमाफिक निजी अस्पताल का रेलकर्मी इलाज के लिए चुनाव नहीं कर सकेंगे। उन्हें रेलवे अस्पताल से अनुबंध वाले निजी अस्पतालों में ही रेफर किया जाएगा। व्यवस्था में बदलाव की तैयारी रेलवे ने शुरू कर दी है वहीं पश्चिम रेलवे में इसकी शुरूआत हो चुकी है। अगर कोई रेलकर्मी वर्तमान में गंभीर बीमार है, तो निजी अस्पताल में रेफर हो जाता है और इलाज के बाद बिल प्रस्तुत करता है तो रेलवे उसे भुगतान कर देती है। लेकिन, अब इस व्यवस्था में बदलाव की तैयारी चल रही है। इसके तहत कुछ चुनिंदा निजी अस्पतालों में ही इलाज की सुविधा दी जाएगी। इन अस्पतालों के अलावा डॉक्टर कहीं अन्य रेफर नहीं करेंगे। इस मामले में रेल यूनियनों ने विरोध शुरू कर दिया है।

## गठबंधन में विलंब के कारण भी नहीं मिल पाया फायदा: तारिक अनवर



रे.स.ब्यू./सूत्र। बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने आत्मचिंतन करने की जरूरत पर जोर देते हुए रविवार दिनांकः १५.११.२०२० को कहा कि राज्य में गठबंधन विलंब से होने पर भी नुकसान हुआ जिससे सबक लेते हुए पार्टी को दूसरे राज्यों में समय रहते सीटों के तालमेल की बातचीत समय पर पूरा करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के परिणाम से कांग्रेस गंभीर है और आने वाले समय में कारणों का पता लगाया जाएगा। बतादें कि बिहार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सिर्फ १६ सीटों पर सिमट गई, जबकि उसने ७० सीटों पर चुनाव लड़ा था। महागठबंधन के सत्ता से दूर रह जाने का एक प्रमुख कारण कांग्रेस के इस प्रदर्शन को भी माना जा रहा है।

## उपचुनाव में भाजपा की जीत आगामी विधानसभा चुनाव के संकेत: सिद्धार्थनाथ



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। दिवाली भेंट कार्यक्रम का आयोजन भाजपा गंगापट्टी और यमुनापट्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से मंगलवार दिनांकः १०.११.२०२० को किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बिहार के नतीजों पर खुशी जाहिर की और पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के विकास कार्यो को दिया। इस मौके पर उन्होने कहा कि २०२२ में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा की दोबारा सरकार बनेगी। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने चार वर्षों में बड़े काम किए, जिसे लोगों का समर्थन प्राप्त है। उपचुनाव में भाजपा की जीत आगामी विधानसभा चुनाव का संकेत है। इस मौके पर मंत्री ने पार्टी के पदाधिकारियों और बूथ अध्यक्षों को दीया और बाती भेंट की। कार्यक्रम में दीनानाथ कुशवाहा, कमलेश कुमार, पवन श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

## पूर्व मध्य रेल में अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के राजभाषा विभाग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने हाल में महत्वपूर्ण उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम लोग साहित्य और संस्कृति के साथ साथ राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने में भी लगे हुए हैं ताकि देश में एक सामासिक संस्कृति का निर्माण हो। इस अवसर उन्होंने अपनी एक स्वरचित कविता का पाठ भी किया जिसे काफी सराहा गया। अपर महाप्रबंधक अशोक कुमार ने भी राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि कर्मचारियों ने राजभाषा को बढ़ावा देने में काफी उत्साह दिखाया है। गीतकार डॉ.कुँअर बेचैन की अध्यक्षता में आयोजित इस कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य-व्यंग्य की कविताओं की जबरदस्त बौछार की। कार्यक्रम में मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सह मुख्य राजभाषा राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अब निजी सचिव १८ दिन का कोर्स कर पा सकेंगे पदोन्नति

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। केंद्र सरकार अपने कर्मियों कि कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए कई तरह के कोर्स शुरू कर रही है। जिसकी अवधि भी ज्यादा लंबी नहीं है। अगर कोई कर्मचारी ये कोर्स कर लेता है तो उसे विभागीय फायदा मिलता है। इसमें पदोन्नति भी शामिल है। खासतौर पर मंत्रियों और बड़े अफसरों के निजी सचिवों के लिए ये कोर्स फायदेमंद हैं। डीओपीटी की तरफ से तैयार प्रक्रिया के तहत केंद्र सरकार में वे निजी सचिव, जो केंद्रीय सचिवालय सेवा के तहत आते हैं, इस कोर्स के पात्र होंगे। यह कोर्स १६ नवंबर से ४ दिसंबर तक चलेगा। मौजूदा कार्यक्षमता किस तरह बढ़ाई जा सकती है यह कोर्स में बताया जाएगा ।

# कोरोना चुनौतियों के मद्देनजर बड़े बदलावों के साथ हज २०२१ की घोषणा




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी द्वारा कोरोना चुनौतियों के मद्देनजर बड़े बदलावों के साथ हज २०२१ की घोषणा के साथ ही से हज २०२१ के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हज हाउस, मुंबई में हज २०२१ की घोषणा करते हुए नकवी ने कहा कि हज २०२१ में पैंडेमिक पोजीशन के मद्देनजर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल गाइडलाइन्स का मुस्तैदी से पालन किया जायेगा। हज २०२१ के लिए आवेदन पत्र जमा किये जाने की अंतिम तिथि १० दिसंबर २०२० है। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी के चलते दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए हज व्यवस्थाओं में बड़े पैमाने पर परिवर्तन किया गया है। इनमें भारत एवं सऊदी अरब में आवास, सऊदी अरब में हज यात्रियों के ठहरने की अवधि, यातायात, स्वास्थ्य एवं अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नवम्बर माह को ''यातायात माह'' के रूप में जायेगा मनाया

साभारः सूचना विभाग प्रयागराज। पुलिस अधीक्षक यातायात अखिलेश भदौरिया ने बताया है कि सड़क दुर्घटनाओं तथा उसमें होने वाली मृत्यु दर को रोकने के लिये एक अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माह नवम्बर को यातायात माह के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। यातायात माह ०१ नवम्बर, २०२० से प्रारम्भ होकर पूरे माह ३० नवम्बर, २०२० तक जनपद में यातायात पुलिस द्वारा अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत स्कूल/कालेजों में छात्र/छात्राओं को मान्यता नियमों की जानकारी व यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जायेगा व स्कूल/कालेज में निबन्ध, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित किया जायेगा। अभियान चलाकर बिना हेल्मेट, सीट बेल्ट न पहनने, बिना डीएल के वाहन चलाने, गलत दिशा से वाहन चलाते, तीन सवारी, मोबाइल से बात करते हुए वाहन चलाने वालों को जागरूक/कार्यवाही की जायेगी। शहर में प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग आदि लगाकर जनता को जागरूक किया जायेगा। नुक्कड नाटक/प्रचार वाहन के माध्यम से भी जनता को यातायात नियमों की जानकारी के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# मौसम ने ली करवट,यूपी में बारिश से बढ़ी ठंड

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मौसम का मिजाज लखनऊ समेत यूपी के अन्य जिलों में रविवार दिनांकः १५.११.२०२० की रात अचानक हुई बारिश से एकदम बदल गया।

सभी जगह अब ठंड बढ़ गई। तेज हवाओं के साथ खूब तेज बारिश हुई।

कई जिलों में ओले गिरने की भी सूचना मिली। जिसका असर पारे पर भी पड़ा। अलग-अलग जगह हुए जलभराव से हालांकि, जिलों में लोगों को मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और बारिया का असर अब मैदानी इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। जिसकी वजह से ठंड बढ़ गई है। वहीं देश के कई हिस्सों मे बारिश ओर ओले की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को काफी नुकसान हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी और बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में भी दिखाई दे रहा है। वहीं धान की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है।

# देवरिया उपचुनाव में डॉ. सत्यप्रकाश मणि के सिर बंधा जीत का सेहरा

रे.स.ब्यू./सूत्र.गोरखपुर। भाजपा उम्मीदवार डॉ. सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने सपा के ब्रह्माशंकर त्रिपाठी को तकरीबन २००८६ से अधिक मतों से हराकर देवरिया सदर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत का ताज अपने नाम कर लिया। वे देवरिया सदर विधानसभा क्षेत्र के १५वें विधायक बनें। उन्हें ६८७३२ मत प्राप्त हुआ। जबकि सपा के ब्रह्माशंकर त्रिपाठी को ४८६४३ मत मिलें। बसपा के अभयनाथ त्रिपाठी को २२०६६, कांग्रेस के मुकुंद भाश्कर ३६८० और निर्दलीय अजय सिंह पिंटू को १६२६६ मत प्राप्त हुए।

# रेल मंत्रालय ने निजी निवेश के माध्यम से छोटे और सड़क के किनारे स्टेशनों पर गुड्स शैडों के विकास पर जारी की नीति

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशनों पर नई गुड्स शैडों की सुविधाओं की स्थापना और मौजूदा गुड्स शैडों (संसाधनों की कमी के कारण जिन शैडों का विकास करने में रेलवे असमर्थ है) विकसित करके निजी भागीदारी के माध्यम से टर्मिनल क्षमता बढ़ाने का लक्ष्य रखते हुए, निजी निवेश के माध्यम से छोटे और सड़क के किनारे स्थित स्टेशनों पर गुड्स शैडों के विकास पर एक नीति जारी की है। पॉलिसी की मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:- निजी व्यवसाइयों को सामान लदान के स्थान, सामान चढ़ाने ध्उतारने की सुविधाओं, मजदूरों के लिए सुविधाएं (छाया के साथ आराम की जगह, पीने का पानी, स्नान की सुविधा आदि) सम्पर्क सड़क, ढंकी हुई शेड और अन्य संबंधित बुनियादी ढांचे को विकसित करने की अनुमति दी। निजी व्यवसाइयों द्वारा अपने स्वयं के निवेश के माध यम से सुविधाओं का निर्माण/विकास किया जाना है। रेलवे निर्माण के लिए कोई विभागीय या कोई अन्य शुल्क नहीं लेगा। निजी व्यवसायी द्वारा बनाई गई सुविधाओं का उपयोग आम उपयोगकर्ता की सुविधा के रूप में किया जाएगा, और अन्य ग्राहकों के आवागमन पर व्यवसायी के यातायात को अन्य ग्राहकों पर कोई वरीयता या प्राथमिकता नहीं दी जाएगी। समझौते के दौरान बनाई गई संपत्ति और सुविधाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी निजी व्यवसायी के साथ निहित होगी। इस योजना के तहत प्रोत्साहनः टर्मिनल प्रभार (टीसी) और टर्मिनल एक्सेस चार्ज (टीएसी) में हिस्सेदारी, जैसा भी मामला हो, काम पूरा होने की तारीख से पांच (०५) साल के लिए गुड्स-शेड में सभी आने और जाने वाले यातायात के लिए।

# पुत्रों की लंबी आयु को माताओं ने अहोई अष्टमी पर संगम में लगाई डुबकी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माताओं ने व्रत रखकर अहोई अष्टमी पर पुत्रों की उन्नति व लंबी उम्र के लिए चांद-तारों को अर्घ्य दिया। रविवार दिनांकः ०८.११.२०२० को चंद्रदर्शन कर मां पार्वती से पुत्र की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। इस दौरान संगम तट पर पुण्य की डुबकी लगाने के साथ ही दीपदान किया गया। त्रिवेणी तट पर दीपों की लड़ियां देखते बन रही थीं। रविवार को अहोई अष्टमी व्रत रखकर संगम पर हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने कोविड-१६ के संक्रमण से बेखौफ होकर संगम पर स्नान, दान किया। जगह-जगह रेती पर शिव-पार्वती की प्रतिमाएं बनाकर मंडप सजाए गए। इस दौरान गंध, अक्षत, पुष्प से मां पार्वती का पूजन किया गया।

# कोविड प्रोटोकॉल, मानव तस्करी के खिलाफ रेलवे बोर्ड ने की समीक्षा

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। महामारी के दौरान विशेष रूप से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए नियमों को कड़ाई से लागू किए जाने की आवश्यकता होती है। इसी कड़ी में अध्यक्ष-सह-सीईओ/रेलवे बोर्ड, सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) और महानिदेशक/आरपीएफ ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये दिनांक १६ अक्टूबर, २०२० को क्षेत्रीय और मंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बातचीत की। रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए रेलवे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में यात्र के दौरान यात्रियों के बीच गहन जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए कहा गया। अधिकारियों को कोविड प्रोटोकॉल को कड़ाई से लागू करने को कहा गया है। ट्रेनों से यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को बेहतर सुरक्षा और संरक्षा मुहैया करने के वास्ते एक नई पहल "मेरी सहेली" शुरू की गई है। इस पहल का उद्देश्य महिला यात्रियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है और महिला यात्रियों के सामने आने वाली या देखी जाने वाली सुरक्षा संबंधी किसी भी समस्या का प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। यह महसूस किया गया कि मानव तस्करी में शामिल अपराधी, त्योहारी सीजन की भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं और बच्चों की तस्करी में लिप्त होने का प्रयास कर सकते हैं क्योंकि वे अपराध के लिए सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। मानव तस्करी के खतरे को रोकने के लिए एक्शन प्लान पर चर्चा की गई। यह निर्णय लिया गया कि तस्करों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए एक निरंतर और ठोस अभियान चलाया जाएगा। फील्ड में काम करने वाले अफसरों को आरक्षित टिकटों को बदलने और जरूरतमंद यात्रियों को उसे महंगे दाम पर बेचने के खिलाफ अभियान को जारी रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

# वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी ने किया विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

## आज वाराणसी में हो रहा है चौतरफा विकास-प्रधानमंत्री मोदी

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने सोमवार दिनांकः ०६.११.२०२० २२० करोड़ रुपये की लागत वाली १६ योजनाओं का शुभारंभ किया। वाराणसी में ४०० करोड़ रुपये लागत की १४ योजनाओं पर काम पहले ही शुरू हो चुका है। आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, उनमें सारनाथ लाइट एंड साउंड शो, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, रामनगर का उन्नयन, सीवर से संबंधित कार्य, गायों की सुरक्षा और संरक्षण, बुनियादी ढांचा सुविधाएं, बहुउद्देशीय बीज भंडार गृह, १०० मीट्रिकटन के —कृषि उपज वेयर-हाउस, आईपीडीएस चरण २, सम्पूर्णानंद स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए आवास परिसर, वाराणसी शहर में स्मार्ट लाइटिंग कार्य के साथ-साथ १०५ आंगनवाड़ी केंद्रों और १०२ गौ आश्रय केंद्र शामिल हैं। इस आयोजन में संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वाराणसी में पर्यटन शहर की विकास योजना का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह विकास अपने आप में इस बात का उदाहरण है कि वाराणसी ने किस प्रकार गंगा नदी की सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, सड़क, बुनियादी ढांचा, पर्यटन, बिजली, युवा, खेल और किसान जैसे हर क्षेत्र में विकास की गति हासिल की है। उन्होंने यह घोषणा की कि गंगा कार्य योजना के तहत सीवेज उपचार संयंत्र परियोजना के नवीनीकरण का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने वाराणसी में घाटों की सजावट, प्रदूषण को कम करने के लिए सीएनजी की शुरुआत, दशाश्वमेध घाट पर पर्यटक प्लाजा जैसे बुनियादी ढांचा कार्यों को सूचीबद्ध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगा नदी के लिए किए गए ये प्रयास काशी के लिए संकल्प भरे और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करने वाले हैं। धीरे-धीरे यहां घाटों की स्थिति सुधर रही है। उन्होंने कहा कि गंगा घाटों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सारनाथ को भी एक नया स्वरूप प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज सारनाथ में शुरू किया गया लाइट एंड साउंड कार्यक्रम सारनाथ की भव्यता को बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री ने आज यह घोषणा की कि काशी के अधिकांश हिस्से को बिजली के लटकते तारों की समस्या से भी मुक्त किया जा रहा है। बिजली के तारों को भूमिगत बिछाने के कार्य का दूसरा चरण आज पूरा हो गया है। इसके अलावा, स्मार्ट एलईडी लाइटें सड़कों को जगमग और सुंदर बनाएंगी। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि वाराणसी की कनेक्टिविटी हमेशा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि नए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है ताकि काशी के लोग और पर्यटक यातायात जाम के कारण अपना समय बर्बाद न करें। उन्होंने कहा कि बाबतपुर को शहर से जोड़ने वाली सड़क भी वाराणसी की नई पहचान बन गई है। उन्होंने वाराणसी हवाई अड्डे में दो पैसेंजर बोर्डिंग पुलों के शुभारंभ को अति आवश्यक बताते हुए कहा कि छह साल पहले वाराणसी हवाई अड्डे पर प्रतिदिन १२ उड़ानें होती थी, अब उड़ानों की संख्या बढ़कर प्रतिदिन ४८ हो गई हैं। यहां रहने वाले और यहां आने वाले दोनों के जीवन को आसान बनाने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है। उन्होंने वाराणसी शहर में किए गए सड़क बुनियादी ढांचा कार्यों को सूचीबद्ध किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले ६ वर्षों के दौरान वाराणसी में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के निर्माण में अभूतपूर्व काम किया गया है।



# इन और भी कारणों से मनाई जाती है भारत मे दिपावली




प्रकाश पर्व दिपावली पूरे देश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। हमारे देश में विभिन्न प्रकार की संस्कृतियां और कई प्रकार की मान्यताओं के लोग निवास करते हैं लेकिन सभी एक दूसरे से किसी न किसी वजह से जुड़े हैं। इस पर्व को हर उम्र और वर्ग के लोग बड़े ही उल्लास के साथ मनाते हैं। देश अलग अलग हिस्सों में दिवाली भी अगल-अलग कारणों से मनाई जाती है यह आपको जानकर आपको हैरानी भी हो सकती कि। जिस शाम को १४ साल वनवास काटने के बाद भगवान राम अयोध्या लौटे उस शाम अयोध्या नगर वासियों ने उनके स्वागत में गली-गली में दिए जला दिए। उस दिन के बाद भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में हर दीपावली का पर्व मनाया जाने लगा। यह पर्व अब देश और दुनिया के कई हिस्सों में मनाया जाता है। वहीं दक्षिण भारत मे कहा जाता है कि नरक चतुर्द'शी के दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर नाम के राक्षस का वध किया था। इसी के खुशी में चतुर्दशी के अगले दिन दक्षिण भारत दिपावली मनाने का चलन है। पश्चिमी भारत में पांच दिवसीय दिवाली पर्व के चौथे दिन राक्षस राज बाली के पृथ्वी पर वापस आने की खुशी में दीपावली का पर्व मनाया जाता है। कहा जाता है भगवान विष्णु ने दूसरे लोक में भेज दिया था जिसके काफी समय बाद बाली पृथ्वी पर वापस आया था। बाली के लौटने के इस दिन को दिवाली के रूप में मनाया जाता है। पूर्वी भारत में कई बार दिवाली के साथ ही काली पूजा भी देखने को मिलती है। तो कहीं दीपावली को काली पूजा के रूप में ही मनाया जाता है। दिवाली पर्व देश में चाहे जिस कारण से मनाया जाता हो लेकिन सभी में एक ही सामान्य बात है वह है बुराई पर अच्छाई की विजय । अंधकार पर प्रकाश की विजय। सबके रीत रिवाज अलग होने के बाद भी शायद यही कारण है कि सभी एकता के धागे में बंधे हैं।

### हमारे ग्राहक

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।" महात्मा गांधी




संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8299735990
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila,
Triveni Road, Kydganj Allahabad. (U.P.)
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044

Office Sect. : S. Katar, Mrs.Kiran

उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।

# भारतीय रेलवे ने लांच किए ७ अकादमी कार्यक्रम

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। वड़ोदरा स्थित नेशनल रेल एंड ट्रांसपोर्टेशन इंस्टीट्यूट (एनआरटीआई) ने ७ नए पाठ्यक्रम लांच किए हैं। जिसमें स्नातक स्तर के २ बी.टेक, २ एमबीए और ३ एमएससी पाठ्यक्रम शामिल हैं, जो रेलवे के प्रमुख क्षेत्रों की मांग पूरा करेंगे। इसी तरह रेल इंफ्रास्ट्रक्चर, सिस्टम और संचार इंजीनियरिंग के लिए २ बी.टेक कार्यक्रम लांच किए गए हैं। जबकि एमबीए पाठ्यक्रम ट्रांसपोर्टेशन और सप्लाई चेन प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए लांच किए गए हैं। जिनकी आने वाले समय में सबसे ज्यादा मांग होने वाली है। एमएससी, सिस्टम इंजीनियरिंग और इंटीग्रेशन पाठ्यक्रम के लिए प्रतिष्ठित यूनाइटेड किंगडम के बर्मिंघम विश्वविद्यालय से साझेदारी की गई है। इसके जरिए पाठ्यक्रम के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव भी मिलेंगे। इस मौके पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और सीईओ वी.के.यादव ने कहा "ट्रांसपोर्ट सिस्टम में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए हमने अंतरविषय दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके जरिए रेलवे में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत में इस तरह के पाठ्यक्रम पहली बार किसी संस्थान में चलाए जाएंगे। जो कि कंटेट के हिसाब से एकदम अलग होंगे। यह पाठ्यक्रम अंतरविषय और एप्लीकेशन आधारित होंगे और भारतीय रेलवे इन पाठ्यक्रमों को लागू करने का मुख्य केंद्र होगा।

# बरेका कर्मियों की सुविधा हेतु RESS mobile app पर online PF withdrawal एवं tracking सुविधा का विस्तार

साभार: बनारस रेल इंजन कारखाना कि महाप्रबंधक , अंजली गोयल,द्वारा दिनांक ०६ नवम्बर को बरेका कर्मियों के लिये RESS mobile app पर online PF withdrawal व tracking सुविधा का उद्घाटन किया गया। RESS द्वारा विकसित एक Application है, जिसे Google Play Store से डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें बरेका कर्मियों की व्यक्तिगत सूचनाएं जैसे आधार, पैन, बैंक विवरण, वेतन विवरण, भविष्य निधि खाता, आयकर, अवकाश विवरण, पारिवारिक विवरण पहले से ही उपलब्ध है। अब इसमें कर्मचारियों की सुविधाओं में विस्तार करते हुए online PF withdrawal tracking सुविधा को जोड़ा गया है।

इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए महाप्रबंधक गोयल ने बरेका कर्मियों से अपील किया कि इन सुविधाओं का भरपूर लाभ उठाएं और पेपरलेस वर्किंग पर अपना योगदान दें।

# आईआरपीएफएस अधिकारियों का प्रशिक्षण अब होगा हैदराबाद में

पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। आईआरपीएफएस अधिकारियों का प्रशिक्षण अब एसवीपीएनपीए, हैदराबाद में होगा। अगले बैच के प्रशिक्षण का पहला चरण आईपीएस परिवीक्षाधीनों के साथ आयोजित किया जाएगा। इससे फील्ड इकाइयों में तैनाती के दौरान आईआरपीएफएस और आईपीएस अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग सुनिश्चित होगा। आईआरपीएफएस के अधिकारियों की भर्ती यूपीएससी, रेलवे सुरक्षा बल में सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से करता है। आईआरपीएफएस परिवीक्षाधीनों के बैच में हर साल लगभग ५-६ सदस्य होते हैं। हालांकि आईआरपीएफएस अधिकारियों के तीन बैच को १९९८ और १९९९ में आईपीएस अधिकारियों के साथ प्रशिक्षित किया गया था, लेकिन बाद के वर्षों में यह व्यवस्था बंद कर दी गई थी। रेल मंत्रालय और गृह मंत्रालय के बीच अंतर मंत्रालयी परामर्श के बाद, अब सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में आईआरपीएफएस परिवीक्षाधीनों का प्रारंभिक प्रशिक्षण,आईपीएस परिवीक्षाधीनों के अगले बैच के प्रशिक्षण के पहले चरण के साथ फिर से शुरू करने का फैसला किया गया है।

# आईबी इंस्पेक्टर की ट्रेन से गिरने से मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र। ट्रेन से गिरने से फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर आईबी इंस्पेक्टर की मौत हो गई। शांतिपुरम के रहने वाले सुशील कुमार मौर्य आईबी में टेक्निकल इंस्पेक्टर के पद पर बनारस में कार्यरत थे। वह ड्यूटी करके कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन से घर आ रहे थे। शाम सात बजे फाफामऊ स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही वह नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# आर.डी.एस.ओ और आई आई टी के संयुक्त प्रयास से स्वदेशी प्रोद्योगिकी के विकास की ओर अग्रसर

साभार: देश में स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास और ज्ञान निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया" पहल की कल्पना की गई है। आर.डी.एस.ओ ने सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के साथ एक व्यवस्थित बातचीत शुरू की है।

अभ्यास का उद्देश्य भारतीय रेलवे अनुप्रयोगों के लिए स्वदेशी अत्याधुनिक प्रणाली विकसित करने और ज्ञान विकसित करने के लिए इन प्रमुख संस्थानों के साथ उपलब्ध मुख्य दक्षताओं और तकनीकी ज्ञान का लाभ उठाना है। इस संबंध में, RDSO में २७ अक्टूबर से १० नवंबर २०२० के बीच आईआईटी/मुंबई, खड़गपुर, कानपुर, चेन्नई, रुड़की और वाराणसी के संकाय सदस्यों और शोधकर्ताओं के साथ ऑनलाइन तकनीकी बातचीत की एक श्रृंखला आयोजित की गई। पच्चीस से अधिक रेलवे अनुसंधान परियोजनाओं में ऊर्जा दक्षता, संपत्ति की विश्वसनीयता, परिचालन क्षमता और यात्री यात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने की क्षमता होने पर इन इंटरैक्शन के दौरान चर्चा की गई। आईआईटी संकाय और शोधकर्ता, आरडीएसओ इंजीनियरों के साथ संयुक्त समन्वय में, अब इन पहचान की गई परियोजनाओं में आरएंडडी को शुरू करने के तरीके विकसित कर रहे हैं।

आरडीएसओ नियमित आधार पर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करेगा और समय-सीमा पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगा।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच, दवाओं का हुआ वितरण

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। भारतीय मानवाधिकार समिति एवं जन सूचना अधिकार मंच द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन संस्था अध्यक्ष मुदित चिरवारिया व संगठन मंत्री अनिल बख्शी ने किया। इसमें मरीजों की जांच, परामर्श व दवाओं का वितरण किया गया। संस्था द्वारा सारन्धा नगर में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।

डॉ के के साहू व डॉ संजय साहू आदि की टीम द्वारा मरीजों की जांच व परामर्श के बाद दवाओं का वितरण किया। विकास द्विवेदी, राजेन्द्र शाक्यवाल, पंकज श्रीवास आदि सहयोग में रहे। शिविर के समापन पर कार्यकारिणी सदस्य मंशाराम वर्मा व महानगर उपाध्यक्ष मुन्ना लाल मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, राजेन्द्र मिश्रा, विक्रम पटेल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# Self-Reliance on Electronic Interlocking – FAT set-up



RSB/Chennai: Electronic Interlocking is progressively installed at Railway stations over Southern Railway. Electronic Interlocking creates a synergic relationship between signals and points improving the safety and punctuality of trains. Under the guidance and mentorship of R.Baskaran, PCSTE, Southern Railway, self reliance on Electronic Interlocking (EI) in Medha make EI was achieved in Madurai Division by successfully performing and testing circuit alteration at Ayyalur station. In order to carry out the EI alteration, a model Factory Acceptance Test (FAT) set-up was commissioned at the Office of Sr Section Engineer/Signal at Dindigul. FAT set-up at Dindigul is a pioneer work which will be used as a training module for Railway Engineers to perform circuit alteration and FAT testing thereby enriching their knowledge and capacity and also it will be a model architecture for carrying out further alterations in Electronic Interlockig at various stations leading Southern Railway towards achieving Aatma Nirbhar Bharat.

# महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने किया मेमूशेड का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने दिनांकः ०५.११.२०२० को पटना-गया रेलखंड का विंडोट्रेलिंग निरीक्षण किया और इसके बाद उन्होने गया स्थित निर्माणाधीन मेमूशेड का भी निरीक्षण किया। गया जंक्शन के वेस्ट केबिन के पास निर्माणाधीन यह मेमूशेड अत्याधुनिक सुविधा और तकनीकों से युक्त होगा। इसके निर्माण पर लगभग १०० करोड़ रूपए की लागत आएगी । झाझा के बाद यह पूर्व मध्य रेल का दूसरा मेमूशेड होगा । इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद गया तथा इसके आस-पास चलने वाली मेमू ट्रेनों को अनुरक्षण के लिए दूसरी जगह नहीं भेजना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान दानापुर रेल प्रबंधक सुनील कुमार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय, प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजी. अशोक कुमार मिश्रा, प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजी. राजेश कुमार सहित मुख्यालय हाजीपुर तथा मंडल के अन्य उच्चधिकारीगण उपस्थित थे।

# कोर में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न




साभारः महाप्रबंधक यशपाल सिंह की अध्यदक्षता में केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज में दिनांक ०४.११.२०२० को क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वायन समिति की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। महाप्रबंधक ने संबोधन में परियोजनाओं में हो रहे हिंदी प्रचार-प्रसार के कार्यो की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिंदी को नई तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता है । इससे पहले मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्यप सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सुरेश कुमार ने अध्यक्ष सहित सभी उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे संगठन में राजभाषा का काफी प्रयोग हो रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्र विद्युत प्रभा का विमोचन किया एवं अपने कर कमलों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। बैठक में मुख्यालय के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे और संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव सुनीला यादव एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एस.एस. सिंह ने किया।




# कोर में ई-ऑफिस का शुभारम्भ



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, के महाप्रबन्धक, यशपाल सिंह, के कर कमलों द्वारा भारत सरकार के डिजिटल इण्डिया मिशन के अनुरूप एवं कोविड-१६ जैसे महामारी के दौरान इसकी महत्ता को देखते हुए दिनांक ०५ नवम्बर २०२० को ई-ऑफिस का शुभारम्भ किया गया। इस हेतु पिछले कुछ दिनों से कोर मुख्यालय एवं इसकी विभिन्न परियोजनाओं से डाटा एकत्रित किया जा रहा था। रेलटेल के सहयोग से इस कार्य को मूर्त रूप दिया जा सका। रेलटेल द्वारा सभी को ई-ऑफिस के परिचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। जिसके फलस्वरूप रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप पेपर लेस कार्य करने का सपना साकार हो सकेगा। उद्घाटन समारोह में सभी विभागाध्यक्ष अरुण कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, सुरेश कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत अभियन्ता, आशुतोष, प्रमुख मुख्य अभियन्ता, ए.बी. सरन, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं मुख्यालय तथा परियोजनाओं के अन्य कर्मचारीगण वीडियो कान्फ्रेंस से इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# उपचुनाव के नतीजों ने बढ़ाया सीएम योगी का कद



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उप चुनाव के नतीजों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कद बढ़ा दिया है। लॉकडाउन के समय भाजपा की लगातार सक्रियता तथा वर्चुअल संवाद के माध्यम से लोगों से संपर्क व संवाद का लाभ इस चुनाव में मिला है।

वहीं अगर अब विपक्ष को २०२२ की तैयारी करनी है तो उसे भाजपा की सक्रियता से सीख लेकर आत्मविश्लेषण करना चाहिए। लॉकडाउन के समय भाजपा गरीबों की मदद तथा प्रवासी मजदूरों की सहायता के लिए लोगों के बीच थी जिसका फायदा इस उप चुनाव में देखने को मिला।

दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकल पर वोकल का नारा देकर विकास की आपाधापी में खो चुके गांवों के स्थानीय रोजगार के कामों प्रोत्साहित किया था, जिससे भाजपा लोगों के बीच अपनी पकड़ व पहुंच बढ़ाने में कामयाब रही।

# कायस्थों ने की चित्रगुप्त जयंती पर कलम-दवात की पूजा



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। पांच दिवसीय दीपोत्सव के अंतिम दिन सोमवार दिनांक १६.११.२०२० को कायस्थ समाज की ओर से भगवान चित्रगुप्त की जयंती विधि-विधान से मनाई और भैया दूज का पर्व श्रद्धा, उल्लास से मनाया गया। बहनों ने भाइयों को अक्षत, टीका लगाकर दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर सुबह पारंपरिक रूप से कलम दवात की पूजा की गयी। केपी कम्युनिटी के पास, मुट्ठीगंज व मुंशी राम की बगिया स्थित चित्रगुप्त मंदिर में आरती-पूजन किया गया। जिसमें पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह,केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह और पूर्व कार्यकारिणी सदस्य एव प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव एव अन्य पदाधिकारियों ने आरती-पूजन किया।

# माघ मेला-२०२१ में नहीं मिलेगी संस्थाओं को जमीन

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। माघ मेला-२०२१ के लिए भूमि और अन्य सुविधाओं के लिए आवेदन शुरू हो गया है।

संगम की रेती पर माघ मेला बसाने कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। आवेदन मेला काउंटर पर जमा किए जाने लगे हैं। लेकिन कोविड-१६ को देखते हुए इस बार किसी भी संस्था को भूमि नहीं मिलेगी।

माघ मेला की रूपरेखा तय होने के बाद सड़कों, पुलों और बिजली, पेयजल के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी।

# ६५ वें राष्ट्रीय रेल सप्ताह पुरस्कार-२०२० के लिए उत्तर मध्य रेलवे ६ कर्मचारी चयनित

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। भारतीय रेल में उत्कष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मियों को प्रतिवर्ष रेल सप्ताह समारोह के दौरान सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्तमान वर्ष २०२० के रेल सप्ताह पुरस्कारों के लिए घोषित रेल कर्मियों की सूचि मे उत्तर मध्य रेलवे के ६ कर्मचारियों एवं अधिकारियों को चयनित किया गया है। इन ६ कर्मियों में राम निवास बघेल -ट्रैक मेंटेनर, राम तपस्वी लोकोपायलट, ब्रह्म नारायण मिश्रा मुख्य सतर्कता निरीक्षक, विकास केशरी सहायक कारखाना प्रबंधक, शांतनु गुप्ता सहायक मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर, बिजयी प्रसाद एक्जीक्यूटिव इंजीनियर शामिल हैं। इनकी इस सजगता और कर्तव्यनिष्ठा से रेल संचालन को सुरक्षित बनाने में सहायता मिली। इस उल्लेखनीय योगदान एवं रेलवे में तकनीकि प्रगतिशील कार्य के दष्टिगत लोकोपायलट राम तपस्वी को रेल मंत्री पुरस्कार हेतू चयनित किया गया।



महाप्रबंधक/केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित हिंदी पत्र'विद्युत प्रभा'का विमोचन करते हुए

# केबल चोरी में रेलवे के इंजीनियर समेत चार गिरफ्तार

रे.स.ब्यू./सूत्र। करीब ३० लाख रुपये का केबल चोरी कर ले जा रहे रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर और ठेकेदार के मुंशी समेत चार लोगों को उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गुरुवार दिनांक:१२.११.२०२० को गिरफ्तार कर लिया। आरपीएफ ने मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को अदालत में पेश किया। अदालत ने चारों को जेल भेज दिया। आरपीएफ ने मौके पर छापा मारा, तो डीसीएम वहां से रवाना हो चुकी थीं। मौके पर इज्जतनगर में तैनात सीनियर सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) हरि सिंह रावत पुत्र देवी सिंह रावत निवासी देववास डूंगला, बरेली के ठेकेदार आशीष सिंह के मुंशी जितेंद्र कुमार कानपुर देहात को हिरासत में ले लिया गया है।

# गंभीर मरीजों का जरूर हो कोविड परीक्षण-मुख्य सचिव

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने कहा है कि सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले सभी गंभीर मरीजों का कोविड टेस्ट जरूर किया जाए। मुख्य सचिव सोमवार दिनांक: ०२.११.२०२० को वीडियो कांफ्रेंसिंग से कोविड-१६ की समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन, और सिविल सोसायटी के सहयोग से कोविड की रोकथाम के लिए मास्क पहनना, नियमित हाथ धोना व सामाजिक दूरी बनाए रखने के व्यवहार को प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्स शिक्षा डॉ. रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास व पंचायती राज मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य आलोक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

# वाराणसी के तुलसीघाट पर सजेगा नागनथैया का मेला



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। वाराणसी के तुलसीघाट पर फिर १८ नवंबर को सजेगा मेला, जिसमें कन्हैया कालिया के फन पर नृत्य मुद्रा में भक्तों को दर्शन देंगे। किन्तु कोरोना संक्रमण के कारण हर साल की तरह भीड़भाड़ नहीं होगी और कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ही मेले का आयोजन किया जाएगा। अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने बताया कि नागनथैया लीला की तैयारियां चल रही हैं। बतादें कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा ४५० साल पहले शुरू कराई गई लीला का प्रसंग फिर एक बार जीवंत होगा। जिसमे विशाल नाग के फन पर चढ़कर प्रभु श्रीकृष्ण जल में परिक्रमा करते हुए दर्शन देंगे।

# गंगा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

साभार:सूचना विभाग प्रयागराज। माँ गंगा को अविरल एवं निर्मल बनाने हेतु लोगो को जागरूक करने के लिए गंगा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसमे गंगा मैराथन कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। गंगा मैराथन को मुख्य वन संरक्षक, दक्षिणी क्षेत्र उ०प्र० प्रयागराज एन रविन्द्रा द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। गंगा मैराथन अमिताभ बच्चन स्पोर्ट काम्पलेक्स प्रयागराज से प्रारम्भ होकर अमिताभ बच्चन स्पोर्ट काम्पलेक्स प्रयागराज पर वापस आकर समाप्त हुई। गंगा मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान धीरज यादव, द्वितीय स्थान अभिषेक एवं तृतीय स्थान शिवम् यादव को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, यातायात पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा मार्ग में किये गये व्यवस्था के प्रति सभी ने प्रसन्नता व्यक्त किया तथा कुशल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# संपन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



साभार:सूचना विभाग प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी आशीष कुमार की अध्यक्षता में सोमवार दिनांक ०६.११.२०२० को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम की समीक्षा में संस्थागत प्रसव की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने सर्वेक्षण कराकर गर्भवती महिलाओं की सूची बनाते हुए उनको सरकारी चिकित्सालयों में संस्थागत प्रसव कराने के लिए आशाओं के माध्यम से प्रेरित करने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने कहा कि जिस भी ब्लाक में गर्भवती महिलाएं बिना टीकाकरण या रजिस्ट्रेशन के छूटी पायी गयी तो उस क्षेत्र के सुपरवाइजर के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक में सीएमओ डॉ जीएस बाजपेई, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्येन राय, डीपीएम विनोद कुमार सभी प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधीक्षक तथा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विकास कार्यो में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- जिलाधिकारी प्रयागराज



साभार:सूचना विभाग प्रयागराज। जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में संगम सभागार में शनिवार दिनांकः ०७.११.२०२० को ३७ विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यो में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं है। कार्यो में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को ससमय कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। समय से कार्य पूर्ण नहीं होने पर सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए सरकारी विभागों में विद्युत बकायें की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समय से वी०डी०ओ० द्वारा जानकारी न दिए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए कहा है।

# सड़क पर कूड़ा फेंकने पर अब भरना होगा जुर्माना

रे.स.ब्यू./सूत्र प्रयागराज। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का काम प्रयागराज में दिवाली के बाद शुरू होगा जिसके लिए लिए दो कंपनियों के चयन पर मुहर लग गई है। वहीं अब ड़क पर कूड़ा फेंकने वालों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए दो एजेंसियों का चयन किया है। औपचारिकता को पूरा करने के बाद ये कंपनियां दिवाली बाद वार्डो में काम करने लगेंगी। इसके लिए शासन की अनुमति का इंतजार है। नगर आयुक्त के मुताबिक कूड़ा कलेक्शन की दरें पुरानी ही रखी जाएंगी।

अभी तक हर घर से ५० रुपये महीना सर्विस चार्ज लिया जाता रहा है। वहीं अब एजेंसियों के काम शुरू करने के साथ ही सड़क पर कूड़ा फेंकने वालों से जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और मैकनाइज्ड टॉयलेट क्लीनिंग कार्य के लिए नगर आयुक्त के मुताबिक सेंटर फॉर डेवलपमेंट कम्युनिकेशन जयपुर और लायन सर्विसेज लिमिटेड नई दिल्ली को चयनित किया गया है। दोनों कंपनियां अलग-अलग वार्डो में कूड़े की उठान का आकलन करने के लिए सर्वे भी कर रही हैं।

# महाप्रबंधक ललितचंद्र त्रिवेदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन



रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ललितचंद्र त्रिवेदी ने दिनांक ११.११.२०२० को दीघा, पटना में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं तथा विभागीय कार्यप्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक में इरकॉन, आरबीएनएल तथा डीएफसीसी द्वारा पूरी की जा रही पूर्व मध्य रेल की विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने संरक्षा एवं वाणिज्य विभाग के अर्द्धवार्षिक कार्यप्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक में महाप्रबंधक ने कहा कि सभी निर्माण परियोजनाएं अपने निर्धारित समय-सीमा पर पूरे होने चाहिए।

# कोर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन



रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज, में दिनांक २७, अक्टूबर से २ नवंबर २०२० तक किया गया। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक/कोर यशपाल सिंह द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिला कर किया गया था। सप्ताह के दौरान सतर्कता के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश से वाक प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा क्विज का आयोजन भी किया गया। इस उपलक्ष्य में दिनांक ०२.११.२०२० को एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक महोदय द्वारा ई-सतर्कता बुलेटिन 'दृष्टि' का विमोचन किया गया तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। समारोह का समापन आधिकारिक कामकाज में पारदर्शिता तथा संगठन द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त कार्य करना सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ किया गया।

# धनतेरस पर शहरवासियों ने जमकर की ऑनलाइन खरीदारी

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों के विरोध के बावजूद धनतेरस पर उनकी चांदी रही। शहरवासियों ने जमकर बहुराष्ट्रीय कंपनियों से खरीदारी की। इस बार भी बीते वर्षो की तरह लोगों ने भारी छूट का लाभ लेने के लिए इलेक्ट्रॉनिक सामानो की ऑनलाइन खरीदारी की। बतादें कि नवरात्र से अबतक कंपनियां अकेले प्रयागराज में ५०० करोड़ के सामान बेच चुकी हैं। लोगों ने ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों से सबसे अधिक मोबाइल खरीदे। शहर के कारोबारियों का दावा है कि दिवाली पर लोगों ने ५० फीसदी मोबाइल ऑनलाइन कंपनियों से खरीदे हैं।

स्मार्ट टीवी, वाशिंग मशीन, होम अपलायंस की भी लोगों ने ऑनलाइन खरीदारी की। धनतेरस के दिन ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि सुबह से शाम तक घरों में सामान पहुंचाते रहे। कारोबारियों का दावा है कि खास दिन पर कंपनियों ने १०० करोड़ से अधिक के सामानों को घर पहुंचाया।

# दुर्ग अंबिकापुर दुर्ग स्पेशल ट्रेन का संचालन ३१ दिसम्बर तक बढ़ा

रे.स.ब्यू./सूत्र. बिलासपुर। रेल यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली ०८२४१/ ०८२४२ दुर्ग -अंबिकापुर- दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन का विस्तार ३१ दिसम्बर, २०२० तक बढ़ाया गया हैं। दुर्ग से छूटने वाली ०८२४१ दुर्ग अंबिकापुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन का विस्तार ३० दिसम्बर, २०२० तक एवं अंबिकापुर से छूटने वाली ०८२४२ अंबिकापुर दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन ३१ दिसम्बर, २०२० तक बढ़ाया गया जिसकी समय सारणी पूर्ववत ही रहेंगी।

# बिहार चुनाव में भाजपा का फिर शुभ मंगल

रे.स.ब्यो./संवा.प्रयागराज। बिहार की सत्ता में एनडीए की फिर वापसी हुई है और नीतीश कुमार को चौथी बार राज्य का मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला है। भाजपा के लिए मंगलवार का दिन शुभ मंगल साबित हुआ। मध्यप्रदेश में जहां भाजपा की शिवराज सिंह चौहान सरकार को सत्ता में बने रहने की खुशी मिली, वहीं बिहार में पार्टी विधायकों की संख्या के मामले में दूसरे नंबर पर उभर कर आई है। भाजपा को न केवल बिहार में बल्कि उत्तर प्रदेश, गुजरात राज्य में हुए उपचुनाव में भी फायदा हुआ। राजनीति के पंडितों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव २०२० में एनडीए को जीत की चाबी महिलाओं दी है। इस बार के चुनाव में महिलाओं ने जमकर वोट डाला। उनके वोट का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में ०५ प्रतिशत अधिक रहा। समझा जा रहा है कि नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं को ध्यान में रखकर चलाई गई योजनाओं का एनडीए को लाभ मिला।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में महिलाओं के लिए साइकिल बंटवाई थी। राज्य में शराब के बंदी से भी महिलाएं खुश थीं।

# आगरा में दो एमएलसी सीट पर एक दिसंबर को होगा मतदान

रे.स.ब्यू./सूत्र.आगरा। विधान परिषद की शिक्षक खंड एवं स्नातक की दो एमएलसी सीट के लिए ४१ उम्मीदवार मैदान में हैं। शुक्रवार दिनांकः १३.११.२०२० को नामांकन पत्रों की जांच रात ६ बजे तक चली।

स्नातक सीट पर कुल २१ उम्मीदवार हैं जबकि शिक्षक सीट पर २० प्रत्याशियों के बीच चुनावी मुकाबला होगा। वहीं १७ नवंबर को नाम वापसी का दिन रखा गया है। एक दिसंबर को सुबह ८ बजे से ५ बजे तक मतदान होगा।

# दिल्ली में कोरोना मरीजों के लिए 'जीवन सेवा' एप लांच

रे.स.ब्यूरो./संवा.नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार दिनांकः १२.११.२०२० को कोरोना मरीजों के लिए 'जीवन सेवा' एप लांच किया। यह एप कोरोना मरीजों के लिए एक अनूठी पहल है, जो उन्हें ई-वाहनों के माध्यम से अस्पतालों तक पहुंचाने में मदद करेगी और साथ ही प्रदूषण कम करने में भी योगदान देगी। प्रेसवार्ता में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों को यदि किसी भी तरह की जरूरत पड़ती है तो वह इस एप को डाउनलोड कर मदद पा सकते हैं। ईवीईआरए के सह-संस्थापक और सीईओ निमिश त्रिवेदी ने कहा कि यह एप मरीजों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगा। इसके जरिए कम गंभीर मामलों में मरीजों को निःशुल्क अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस के तौर पर इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग किया जाएगा।



# १० विदेशी सैटेलाइट इसरो ने किए सफलतापूर्वक लांच

रे.स.ब्यू./सूत्र. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रचते हुए शनिवार दिनांकः०७.११.२०२० को अपने प्रक्षेपणयान पीएसएलवी-सी ४६ से १० सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से २६ घंटों की उल्टी गिनती के बाद दोपहर बाद ३:१२ बजे रडार इमेजिंग सैटेलाइट ईओएस-०१ और नौ विदेशी सैटेलाइटों के साथ पीएसएलवी-सी ४६ ने उड़ान भरी। इस सैटेलाइट की सबसे बड़ी बात यह है कि इससे बादलों के मध्य भी पृथ्वी को देखा जा सकता है और इस सैटेलाइट की मदद से भारतीय सेना सीमाओं पर निगरानी के साथ-साथ चीन,पाकिस्तान की हर हरकत पर नजर भी रख सकेगी।


# जल्द मिलेगा गोरखपुर को आईएसबीटी का उपहार

रे.स.ब्यू./सूत्र। गोरखपुर में अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का जल्द ही निर्माण होने की संभावना है। जिसके लिए गीडा जिले में आईएसबीटी का प्रारूप तय करने के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल तैयार कर ली गई है। इसके बाद इसे प्रकाशित कराकर फर्मो को आमंत्रित किया जाएगा।

वहीं आने वाले २०-२५ सालों में किस तरह के बदलाव आएंगे, उसका ध्यान भी रखा जाएगा। फर्म का चयन तकनीकी एवं वित्तीय आधार पर उसके द्वारा किए गए प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। नवंबर आखिर तक आरएफपी प्रकाशित होने की उम्मीद है।

# ट्रेनों की गति बढ़ाने के साथ महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने कि अन्य कार्यो की समीक्षा

रे.स.ब्यूरो./संवा.प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ दिनांक ०३.११.२०२० को, महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर मध्य रेलवे पर संरक्षा, १६० कि.मी प्रति घण्टा तक गति बढ़ाने के कार्य, माल लदान और अन्य महत्वपूर्ण कार्यो की समीक्षा की। संरक्षा की समीक्षा करते हुये,शंटिंग ऑपरेशन और वैगनों से कंसाइनमेंट उतारने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की गई। महाप्रबंधक चौधरी ने निर्धारित प्रक्रियाओं का कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिये तथा मण्डलों को साइडिंगों में ट्रैक और अन्य आधारभूत संरचना की स्थिति की जांच कर कमियों की पहचान करने और ऐसे कमियों को तत्काल सुधारने के लिए एक अभियान शुरू करने की सलाह दी।



बैठक में नई दिल्ली-मुंबई खण्ड और कानपुर-लखनऊ खण्ड सहित नई दिल्ली- हावड़ा खण्ड पर १६० किलोमीटर प्रति घंटे की गति बढ़ाने के कार्यो की भी समीक्षा की गई। उत्तर मध्य रेलवे ने अक्टूबर २०२० तक, स्टेशन से स्टेशन समझौतों के तहत निर्धारित ओरिजिनेटिंग एवं गंतव्य स्टेशनों से निर्दिष्ट वस्तु के ३७ रेक लोड किए है और १८.३० करोड़ रुपये की मालभाड़ा आय अर्जित की है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र
२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र
३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र
४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

## लेखकों से

राष्ट्रीय, सामजिक, फिल्म व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों से भेजें।

प्रधान सम्पादक - ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१९०४७९८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

**Heartline**

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षो से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध